तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 सीआईएसएफ को कोयला खदानों में कानूनी कार्रवाई का मिलेगा अधिकार




## खबर संक्षेप

### चेट्रीचंड्र महोत्सव 14 से होंगे विविध कार्यक्रम

**कोरबा।** सिंधी समाज द्वारा ईष्टदेव वरूण अवतार सांई झूलेलाल का अवतरण दिवस चेट्रीचंड्र महोत्सव धूमधाम एवं श्रद्धाभाव से मनाया जावेगा इसके तहत 14 मार्च से 20 मार्च तक विविध आयोजन होगें। पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के अध्यक्ष अशोक चावलानी एवं सचिव नरेश जगवानी ने जानकारी दी कि 14 मार्च को सिंधु भवन में शाम 6 बजे भगवान श्री झूलेलाल जी की स्तुति धुनी साहब एवं पूजा-आरती भंडारे के साथ चेट्रीचंड महोत्सव का आरंभ होगा। 15-16 एवं 17 मार्च एसपीएल-2 क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन एसईएसबी खेल मैदान में किया गया है, जिसमें समाज के युवक युवतियां क्रिकेट मैच के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 19 मार्च को सुबह 8 बजे मोटर सायकल रैली श्री झूलेलाल मंदिर से आरम्भ होगी जो प्रमुख मार्गों से होकर संत कंवरराम उद्यान मेन रोड मे समापन होगा।

### रैम्प योजनांतर्गत जागरूकता शिविर

**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोरबा द्वारा रैम्प योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ स्टार्टअप नीति 2025-30 के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा में किया गया। शिविर में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छाओं को योजना के लाभ से संबंधित जानकारी विस्तार से दिया गया। उक्त शिविर में जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष तथा जिले के विभिन्न उद्योगपतियों ने अपनी सहभागिता एवं उद्योग लगाने के संबंध में अनुभव साझा किया।

# आबकारी के मामले में जेल में बंद छात्रा ने चार दीवारी के भीतर की तैयारी, अब दे रही परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

आबकारी के मामले में एक छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और जैसे ही छात्र को गिरफ्तार किया गया उसके कुछ दिन बाद ही उसकी बोर्ड परीक्षा थी लेकिन छात्र ने परीक्षा दिलाने की जानकारी थाने और जेल प्रबंधन को बोर्ड परीक्षा के बारे में अवगत कराया था। जेल प्रबंधन ने उसकी परीक्षा में शामिल हो सके इसके लिए तैयारी शुरू की और अब छात्र लगातार केंद्र में पहुंचकर अपनी परीक्षा दे रही है। निश्चित तौर पर छात्र ने जिस तरह से जेल की चार दीवारी के भीतर रहकर परीक्षा की तैयारी की है बल्कि परीक्षा में सफलता के लिए उसने पूरी मेहनत भी की है और लगातार परीक्षा में शामिल होकर वह आगे भी बढ़ाना चाहती है।

पूरा मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है, कटघोरा पुलिस ने कटघोरा क्षेत्र में निवासी रोशनी बिंझवार नामक एक युवती को आबकारी के मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसे 5 फरवरी को जिला जेल में दाखिल किया था। रोशनी आबकारी के मामले में जेल तो पहुंच गई और इस बीच 23 फरवरी से कक्षा 12वीं बोर्ड एग्जाम था। छात्र परेशान होकर आखिर वह अपने परीक्षा में कैसे शामिल होगी और उसके रिजल्ट का क्या होगा इसे लेकर छात्र रोशनी ने जेलर अमितेश साहू को अपने परीक्षा के बारे में ⏭ शेष पेज 3 पर

## पुलिस सुरक्षा के बीच भेजा जाता है परीक्षा केन्द्र

**खास बातें**

- कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा दे रही है छात्रा।
- 236 कैदी जेल में हैं बंद जिसमें 21 महिला बंदी है।




**परीक्षा में हो रही शामिल**

आबकारी के मामले में रोशनी नामक युवती को पुलिस ने जेल में 5 फरवरी को जेल में दाखिल किया था जिसके बाद उसने बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं के बारे में उससे अवगत कराया था रोशनी को परीक्षा में शामिल होने के लिए लगातार पुलिस सुरक्षा के बीच परीक्षा केंद्र में परीक्षा के लिए भेजा जा रहा है।

-**अमितेश साहू**, जेलर, जिला जेल कोरबा

## 236 कैदी जेल में हैं बंद

जेलर अमितेश सिंह साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि मौजूदा स्थिति में जेल में कुल 236 कैदी बंद है। जिसमें से सजायाप्ता मात्र तीन कैदी हैं जिसमें पुरुष 215 और 21 महिला कैदी शामिल है। उनमें से रोशनी ही परीक्षा में शामिल हो रही है। बाकी जेल में बंद लोगों को साक्षरता के तहत जेल के भीतर उन्हें शिक्षा से जोड़कर उन्हें हर तरह का ज्ञान दिया जा रहा है।

# स्वामित्व प्रमाण पत्र देने के लिए ग्रामों का होगा ड्रेन सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग

ऐसे गांव जहां के ग्रामीणों को उनके आवासों का किसी भी तरह का वैध दस्तावेज नहीं है उनके वैध दस्तावेज देने के लिए राज्य शासन द्वारा बीते वर्ष लागू की गई स्वामित्व योजना अंतर्गत ऐसे ग्रामों का ड्रोन सर्वे कराया जाएगा इससे गांव में निवासरत भूस्वामियों के कब्जे की वास्तविक स्थिति सामने आएगी। पिछले वर्ष इस योजना के तहत लगभग 100 ग्रामीणों को भूस्वामित्व प्रमाण पत्र दिया गया था। ये ऐसे ग्रामीण थे जिनके आवास को लेकर किसी तरह के वैध प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण उन्हें शासकीय योजनाओं पीएम आवास की सुविधा नहीं मिल रही थी। भूस्वामित्व योजना का लाभ ऐसे ग्रामीणों को भी दिया जाता है जो लंबे समय से खेती कर रहे हैं और उस खेत से भी संबंधित कोई दस्तावेज या कोई राजस्व रिकार्ड उनके नाम पर नहीं हैं। ऐसे ग्रामीणों को भी पिछले साल स्वामित्व प्रमाण पत्र दिए गए थे। अब नए सिरे से उन ग्रामों का ड्रोन सर्वे कराया जाएगा जहां के निवासियों को भूस्वामित्व प्रमाण पत्र नहीं मिल सका है। ड्रोन सर्वे के लिए भू अभिलेख विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

ड्रोन सर्वे शुरु होने से जमीन में काबिज ग्रामीण के खसरा, हल्का नंबर सहित पूरे जमीन के रकबा आदि के रिकार्ड तैयार किए जा सकेंगे। इससे जमीनों के विवाद का भी निपटारा हो सकेगा। स्वामित्व योजना के लागू होने के बाद दूसरी बार योजना पर अमल करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कदम बढ़ाया गया है। पहली बार राजस्व विभाग के मैदानी अमले के द्वारा सर्वे किया गया था और जैसा कब्जाधारी ग्रामीणों ने जानकारी दी उस आधार पर स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। ड्रोन सर्वे से इस तरह की गलतियों को रोकने का कार्य किया जाएगा।

**खास बातें**

- पिछले वर्ष से राज्य सरकार ने शुरु की है स्वामित्व योजना

## 38 गांव आएंगे योजना के दायरे में



**मसाहती गांव का हुआ था सेटेलाइट सर्वे**

इसके पूर्व जिले के मसाहती ग्रामों का भी सेटेलाइट सर्वे कराया गया था जिसके लिए राज्य सरकार की ओर से आईआईटी रुढ़की से अनुबंध किया गया था। उस अनुबंध के बाद जिले में सेटेलाइट सर्वे के लिए आईआईटी रुढ़की की टीम पहुंची थी और जिले से लगे डूमरडीह ग्राम से इसकी शुरुआत की गई थी। कुल 113 मसाहती ग्राम है। जिसमें अब तक 21 से अधिक ग्रामों का सर्वे कर उनके नक्शे का प्रकाशन कर दिया गया है।

### कुदरगढ़ महोत्सव 23 से देशभर के पहलवान दिखाएंगे ताकत

सूरजपुर। जिला प्रशासन एवं कुदरगढ़ देवी धाम द्वारा तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। इस बार 23 मार्च से 25 मार्च तक कुदरगढ़ महोत्सव मनाया जाएगा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया है। महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने कुदरगढ़ स्थित नवीन रेस्ट हाउस में ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में महोत्सव की रूपरेखा तय करने के साथ ही कलेक्टर एस जयवर्धन ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, मंच की साज-सज्जा, अग्निशमन व्यवस्था, खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में बिन्दुवार चर्चा की। कुदरगढ़ ट्रस्ट के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने आयोजन की सफलता के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने एसडीएम एवं जनपद सीईओ को मंदिर परिसर के आसपास दुकान लगाने वाले व्यवसाइयों की बैठक की कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने एवं कचरा प्रबंधन कराने के निर्देश दिए।

# निगम के बकायादार की प्रॉपटी को किया गया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम को देय सम्पत्तिकर संबंधित करदाता द्वारा न पटाये जाने पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम ने बकायादारो की सम्पत्ति को सील कर दिया, यह कार्यवाही कोसाबाड़ी व टीपी नगर जोन में निगम के बडे बकायादारों पर की गई, कर न जमा करने वाले बकायादारों पर अब सख्त कार्यवाही कर रहा है निगम, विशेष कर बड़े बकायादारों द्वारा यदि शीघ्र बकाया करों की राशि जमा नहीं कराई जाती है तो सम्पत्तियों की सीलबंदी व उन्हें कुर्क करने की कार्यवाही भी निगम द्वारा की जाएगी।

नगर निगम द्वारा ऐसे बडे बकायादारों जिनके द्वारा निगम को देय बकाया करों के भुगतान किए जाने में रूचि नहीं ली जा रही है तथा बार-बार वारंट, नोटिस दिए जाने के बावजूद उनके द्वारा बकाया करों की राशि निगम में जमा नहीं कराई जा रही, ऐसे बकायादारों के विरूद्ध निगम कड़ी कार्यवाही की तैयारी में हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा अब इन बकायादारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसी कड़ी में बुधवार को निगम के कोसाबाड़ी जोन एवं टीपी नगर जोन में बकायादारों द्वारा सम्पत्तिकर की बकाया राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जा रही, जिन पर कार्यवाही करते हुए निगम के राजस्व ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- निगम के कोसाबाड़ी व टीपीनगर जोन में हुई कार्यवाही
- सीलबंदी के साथ संपत्तियों की होगी कुर्की




## खबर संक्षेप

### पीएमश्री स्कूल में सीपेज मिली खामियां

**बिलासपुर।** संभागायुक्त सुनील जैन ने पीएमश्री स्कूल चकरभाठा का औचक निरीक्षण किया। 16 कमरों वाले इस स्कूल की दीवारों पर सीपेज मिली, जिस पर उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र से पहले भवन की मरम्मत और सीपेज दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान, संभागायुक्त ने प्राचार्य से कक्षाओं और शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने और स्कूल में सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने स्कूल भवन के पीछे परिसर में एक गार्डन और ओपन जिम बनाने का सुझाव भी दिया। कमिश्नर ने शिक्षकों के रिक्त पदों की भी जानकारी ली और शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। उन्होंने लैब और लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए लाइब्रेरी को सुव्यवस्थित, हाईटेक बनाने और सभी व्यवस्थाओं को ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने स्कूल परिसर में एक मिनी स्टेडियम बनाने के भी निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान डिप्टी कमिश्नर स्मृति तिवारी, समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक ओम पांडे और स्कूल के प्राचार्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### शराब के लिए पैसे की मांग, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसे की मांगकर युवक से मारपीट करने वाले दो बदमाश युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, भेंड़ीमुड़ा निवासी शुभम राव मराठा 10 मार्च को रानीगांव की ओर जा रहा था। करैहापारा के पास दो युवकों ने उसका रास्ता रोका और पैसे की मांग की। मना करने पर दोनों युवकों ने गाली गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर हमलावर करैहापारा निवासी विकास उर्फ विक्कू रावत पिता राजेन्द्र रावत 24 साल, राजा कश्यप उर्फ शनि पिता रामझूल कश्यप 22 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### हिट एंड रन के 4 मामलों में 2-2 लाख की सहायता

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें टक्कर मारकर भागने (हिट एंड रन) से हुई सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में 4 मामलों में पीड़ित परिवारों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने की अनुशंसा की गई। बैठक में प्रस्तुत प्रकरणों के अनुसार सीपत तहसील के ग्राम सोठी की सतरूपा बाई, बोदरी तहसील के ग्राम सरगांव निवासी संतोष कुमार वर्मा, कोटा तहसील के ग्राम देवरी कला निवासी कुसुम बाई मेहरा तथा बिल्हा तहसील के ग्राम मोहदा की राजेश्वरी पटेल के निकट संबंधियों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के मामले समिति के समक्ष रखे गए। सभी मामलों की जांच एवं परीक्षण के बाद समिति ने प्रत्येक पीड़ित परिवार को 2 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की अनुशंसा की। बैठक में जिला स्तरीय समिति के सदस्य एसएसपी रजनेश सिंह, एडीएम शिव कुमार बनर्जी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सीएमएचओ, जीव धरणी फाउंडेशन के अध्यक्ष विकास चंद्र वर्मा और न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**सरकारी लापरवाही** | **तीन महीने पहले की गई थी ऑनलाइन डायवर्सन की घोषणा**

# डायवर्सन ठप, आदेश तो दूर, एक भी आवेदन ही सबमिट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सॉफ्टवेयर में लगातार चल रही परेशानी

डायवर्सन अब आन लाइन होंगे। इसकी घोषणा दिसंबर महीने में की गई थी, लेकिन आज तीन महीने बाद भी डायवर्सन के ऑनलाईन आदेश जारी होना तो दूर की बात है, इसके लिए एक भी आवेदन ही सबमिट नहीं हो सके हैं। विभाग के अनुसार ऑनलाईन डायवर्सन के लिए तैयार किए गए साफ्टवेयर में कुछ दिक्कतें हैं, जिसके चलते यह परेशानी आ रही है। इस संबंध में प्रदेश स्तर पर लगातार सुधार कार्य जारी है। प्रदेश में डायवर्सन ऑनलाईन पद्धति से किए जाने की घोषणा के बाद पक्षकारों में यह सोचकर काफी संतोष देखा गया था कि डायवर्सन के लिए अब उन्हें राजस्व विभाग के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, लेकिन हुआ इसका ठीक उल्टा। ऑफलाईन व्यवस्था के अंतर्गत चक्कर काटने के बाद ही सही, लेकिन कम से कम लोगों की जमीन के डायवर्सन हो तो रहे थे। इसके विपरीत ऑनलाईन डायवर्सन की घोषणा होने के आज तीन महीने बाद किसी भी पक्षकार का ऑनलाईन तरीके से डायवर्सन का आदेश जारी होना तो दूर की बात है आवेदन तक सबमिट नहीं हो सके हैं। ऐसे जमीन मालिक, जिन्होंने अभी हाल में ही जमीन खरीदी है या जिन्हें अपने मकान या दुकान बनाने हैं, वे इस तकनीकी दिक्कत के कारण खासे हलाकान हैं। जमीन के डायवर्सन के बगैर न तो उनके मकान-दुकान का नक्शा ही पास हो रहा है, और न ही बैंक से लोन फायनेंस की सुविधा मिल पा रही है। जमीन खरीदने के बाद सबसे पहला काम डायवर्सन का होता है, उसके बाद मकान बनाते तक प्रत्येक प्रक्रिया में काफी समय लगता है, जबकि अभी जमीन मालिकों का पहले चरण का काम ही अटका पड़ा है। हालांकि राजस्ठ विभाग ने राज्य स्तर पर लगातार प्रयास जारी रहने व इस तकनीकी खराबी का जल्द ही समाधान निकाल लेने की बात कही गई है।




### गाइडलाईन जारी होने में भी लग गए थे ढाई महीने

शासन द्वारा ऑनलाईन डायवर्सन की घोषणा तो दिसंबर महीने में की गई थी, लेकिन इसकी विस्तृत गाइडलाईन जारी ही नहीं की जा सकी थी। ऐसे में किसी भी पक्षकार से डायवर्सन का आवेदन ही नहीं लिया जा रहा था। होली के पहले ही शासन द्वारा गाइडलाईन जारी की गई है, लेकिन अब साफ्टवेयर में दिक्कत के चलते पक्षकारों के आवेदन सबमिट नहीं हो पा रहे हैं।

### कुछ इस तरह से आ रही दिक्कतें

ऑनलाईन डायवर्सन के लिए आवेदन भरने के दौरान इसमें स्टेप बाय स्टेप मांगी गई जानकारी को भरते हुए आगे बढ़ना है। इस दौरान आवासीय या व्यावसायिक वाले विकल्प में साफ्टवेयर कभी आवासीय वाले विकल्प को ले रहा है, तो कभी व्यावसायिक वाले विकल्प को। इसी तरह शहरी या ग्रामीण वाले विकल्प में भी कभी साफ्टवेयर जानकारी को स्वीकार कर रहा है, लेकिन कभी-कभी कई प्रयासों के बाद भी जानकारी सबमिट नहीं हो पा रही है। कुल मिलाकर किसी पक्षकार की एक जानकारी सबमिट हो रही है, तो किसी पक्षकार की दूसरी जानकारी, लेकिन शत प्रतिशत जानकारी अब तक एक भी पक्षकार की सबमिट नहीं हो सकी है।

### समाधान निकाला जाएगा

सॉफ्टवेयर में कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण अब तक एक भी आवेदन सबमिट नहीं हो सके हैं। सॉफ्टवेयर में लगातार कांप्लिकेशन बना हुआ है, राज्य स्तर पर सलाह लेकर सुधार का प्रयास किया जा रहा है। जल्द समाधान निकल जाएगा।

**-मनीष कुमार साहू,** एसडीएम बिलासपुर

**नए वार्डों के साथ ही शहर में पानी की भारी किल्लत और दूषित सप्लाई से परेशानी**

# गहराया जल संकट, बिजली का लोड बढ़ा






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- गर्मी आते ही गहराने लगा जलसंकट, मंगला, कुदूदण्ड, लिंगियाडीह में मोटर पंप खराब

न्यायधानी बिलासपुर में गर्मी ने अभी पूरी तरह दस्तक भी नहीं दी है लेकिन शहर की प्यास बुझाने वाले इंतजाम दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र के पुराने मोहल्लों से लेकर निगम में शामिल हुए नए वार्डों तक, इन दिनों पानी की भारी किल्लत और दूषित सप्लाई ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। मंगला, कुदूदण्ड, लिंगियाडीह में मोटर पंप खराब हो रहे हैं।

शिकायतों के मुताबिक नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में जल आपूर्ति की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। शहर के कई इलाकों में सुबह के वक्त महज कुछ मिनटों के लिए ही पानी की सप्लाई हो रही है, और वह भी इतनी प्रदूषित है कि उसे पीने तो दूर, नहाने के काम में लाना भी मुश्किल हो गया है। सबसे गंभीर स्थिति उन नए वार्डों की है जहाँ हाल ही में पाइपलाइन बिछाई गई है। यहाँ ड्रेनेज सिस्टम और पाइपलाइन के बीच उचित तालमेल न होने के कारण नालियों का गंदा पानी नलों तक पहुँच रहा है। कई जगहों पर पाइपलाइनें जमीन के ऊपर खुले में बिछी हुई हैं, जो केवल तकनीकी रूप से गलत है।

### निगम का रवैया उदासीन

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद अधिकारियों का रवैया उदासीन बना हुआ है, जिससे जनता में भारी नाराजगी है। दूसरी ओर, इस गंभीर समस्या ने नगर निगम के गलियारों में राजनीतिक रार भी तेज कर दी है नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि अमृत मिशन जैसी योजनाओं के बावजूद जनता को साफ पानी नहीं मिलना प्रशासन की विफलता है। हालांकि, सत्तापक्ष और सभापति विनोद सोनी का दावा है कि जहाँ भी दूषित पानी की शिकायत मिल रही है, वहां युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य जारी है।

### टीम बनाई गई है

प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के जरिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल अधिक परेशानी नहीं है। जल विभाग की अलग से टीम बनाई गई है।

**- प्रकाश कुमार सर्वे,** निगम आयुक्त

- शहर में रोजाना बिजली की आंखमिचौली जारी।
- रिहायशी इलाकों में सबसे ज्यादा परेशानी।

गर्मी की दस्तक के साथ ही बिजली का लोड अचानक बढ़ चुका है। हाल के 5 दिनों में 18 फीसदी लोड बढ़त देखी जा रही है। इसका असर ट्रांसफार्मर पर भी पड़ने लगा है, यही कारण है कि रोजाना डियो गिरने और केबल चलने की शिकायत विभाग को मिल रही है।

फरवरी के बाद मार्च की शुरूआत में ही बिजली खपत में जबरदस्त इजाफा हो चुका है। 10 दिनों में 18 फीसदी लोड बढ़ चुका है। हालत यह है कि पिछले 10 दिनों से लगातार सिटी सर्किल के दोनों डिवीजन में बिजली बंद की घटनाएं हो रही है। इसमें सबसे ज्यादा डियो खराब होने और केबल जलने की शिकायत देखी जा रही है। जहां एक ओर दिन में गर्मी अपने तेवर दिखा रहा है, वहीं उपभोक्ताओं के द्वारा कूलर और एसी का उपयोग भी बढ़ चुका है, हालांकि बिजली अधिकारियों का कहना है कि बंद होना समान्य प्रक्रिया है ऐसे में लोड बढ़ने का असर कहना सही नहीं है, लेकिन सच तो यह है कि 132 केवी सबस्टेशन से ट्रांसमिट होने वाले करंट में रोजाना बढ़त देखी जा रही है, वहीं 33 केवी व 11 केवी सबस्टेशनों में खपत बढ़ चुकी है।

### जंक्शन बाक्स में लगी आग

नेहरू चौक के समीप एसपी कार्यालय ट्रांसफार्मर में बुधवार की दोपहर आग लग गई। ट्रांसफार्मर के नीचे लगे जक्शन बाक्स में केबल जलने के कारण आग लगी थी, इसकी जानकारी नेहरू नगर स्थित बिजली कार्यालय को दी गई। मरम्मत टीम तत्काल मौके पर पहुंची और केबल बदलकर बिजली सप्लाई नार्मल कर लिया गया। बताया जा रहा है कि पिछले 6 माह में अबतक 3 बार आग लग चुकी है।

### मैनेज किया जा सकता है

लोड बढ़ने जैसी बात अभी नहीं है। हमने लोड को देखते हुए 63 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर लगाए है, जिससे लोड को मैनेज किया जा सकता है।

**-श्रीनिवास राजू,** अधीक्षण यंत्री, विद्युत विभाग

## बाराती स्कार्पियो ट्रेलर से टकराई दुल्हा-दुल्हन घायल, सिम्स में भर्ती



हादसे में दुल्हा दुल्हन घायल हुए।

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार बाराती स्कार्पियों सामने जा रही ट्रेलर में जाकर घूस गई। हादसे में स्कार्पियों में सवार दुल्हा, दुल्हन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

10 मार्च को रतनपुर बेलतरा नेवसा निवासी सत्येंद्र साहू पिता रथराम साहू 23 साल की बारात दुर्ग गईई थी। कार्यक्रम होने के बाद 11 मार्च की सुबह स्कार्पियों में सत्येंद्र साहू, दुल्हन मनीषा साहू के साथ अपने घर नेवसा लौट रहे थे और स्कार्पियों पप्पू धीवर चला रहा था। सुबह 10 बजे चालक पप्पू धीवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सकरी क्षेत्र के लोखंडी में सामने जा रहे ट्रेलर में घूसा दिया। हादसे में दुल्हा दुल्हन गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं स्कार्पियों के परखच्चे उड़ गए।



हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर डायल 112 से दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

## 9 स्थाई, 2 गिरफ्तारी वारंटी पकड़ाए



**बिलासपुर।** पुलिस ने लंबित प्रकरणों की निराकरण करने अभियान चलाकर 9 स्थाई, 2 गिरफ्तारी वारंटी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है। नवपदस्थ रतनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैन ने टीम बनाकर लंबित प्रकरणों के निराकरण करने फरार वारंटियों को पकड़ने का अभियान चलाया गया है। एक दिन में पुलिस टीम ने 9 स्थाई व 2 गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ लिया है। सभी वारंटियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

## 2 लाख की लूट की खबर से हड़कंप नाकाबंदी कर वाहनों की जांच

**बिलासपुर।** दिनदहाड़े मिनोचा कालोनी में एक व्यक्ति से 2 लाख की लूट की खबर से थानेदारों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में थानेदार अपने अपने क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों को रोककर सघन जांच की गई।

पुलिस के उच्च अधिकारियों के द्वारा बुधवार की शाम 4 बजे मिनोचा कालोनी में एक व्यक्ति से 2 लाख रुपए लूट होने की सूचना देकर थानेदारों को अपने अपने क्षेत्र में नाकाबंदी करने का आदेश दिया गया। आनन फानन में थानेदार अपने अपने क्षेत्र में बल के साथ नाकाबंदी कर वाहनों के सघन जांच जुट गई। अचानक चौक चौराहे व




आउटर में भारी बल के साथ पुलिसकर्मियों को किलांबदी करते हुए वाहनों की जांच करते देख लोगों में हड़कंप मच गया। थानेदारों के द्वारा सभी वाहन सवारों को रोककर वाहनों की सघन जांच की गई। देर रात पुलिस अधिकारियों के द्वारा मार्कड्रील की जानकारी दी गई। उसके बाद थानेदार व पुलिसकर्मियों ने राहत की सास ली।

## गांजा तस्करी करते पकड़ीं गईं दो महिला आरोपी

बिलासपुर। आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो महिलाओं को गांजा की तस्करी करते हुए पकड़ा है। दोनों महिलाओं से गांजा जब्त करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

आपरेशन नारकोस के तहत आरपीएफ और जीआरपी की टीम जोनल रेलवे स्टेशन में पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि दो महिला यात्री प्लेटफार्म नम्बर 7-8 में संदिग्ध अवस्था में बैठे हैं, जिनके पास गांजा होने की संभावना है। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, टीम को देखकर दोनों महिलाएं हड़बड़ा गई। इस दौरान बिलासपुर से इंदौर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस प्लेटफार्म नम्बर सात पर खड़ी हुई, जिसमें सवार होकर दोनों भागने के फिराक में थी। जीआरपी और आरपीएफ की टीम के साथ महिला स्टाफ ने दोनों महिलाओं से पूछताछ और उनके पास रखे बैग की तलाशी ली। दोनों महिलाओं ने अलग-अलग बैग में 7 किलो 400 ग्राम से अधिक गांजा रखा हुआ था। पूछताछ में दोनों महिलाओं



के धनुपाली संबलपुर ओडिशा निवासी शहनाज बेगम पति सलमान सुरैन 28 साल और सावित्री लुहा पति रामानंद बी 30 साल ने बताया कि वह बुधवार की सुबह ओडिशा से बिलासपुर लोकल ट्रेन से पहुंची थी और कटनी की ओर जाने के लिए नर्मदा एक्सप्रेस में सफर करने वाली थी। दोनों ने गांजा किसके पास पहुंचाना है, इसकी जानकारी अब तक जीआरपी को नहीं दी। आरपीएफ ने दोनों महिला आरोपी को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है। जीआरपी ने दोनों महिलाओं के पास से गांजा जब्त करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करने के साथ अन्य आरोपियों की खोजबीन शुरु कर दी है।

## पुरानी रंजिश में गाली-गलौज कर युवक को मारने दौड़ाया, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में घर सामने गाली गलौज कर दो युवकों ने एक युवक को मारने के लिए दौड़ाया गया। युवक ने घर में घूसकर जान बचाई है। पूर्व में भी युवकों ने उनके साथ मारपीट किया था और कमर में चाकू दबाकर रखे थे।

पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, देवनगर निवासी नारायण साहू पिता हरप्रसाद साहू ने रिपोर्ट लिखाई। 10 मार्च को सुबह 7 बजे मोहल्ले का देवा जायसवाल निक्कू राव उनके घर के सामने पुरानी रंजिश को लेकर उनके साथ गाली गलौज करने लगे। वे घर से बाहर निकलकर गाली देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देकर मारने के लिए दौड़ाया। उन्होने घर के अंदर घूसकर जान बचाई है। पूर्व में 26 फरवरी की रात 9 बजे दोनों युवक कमर में चाकू दबाकर रखे थे और उनके साथ स्टील के पाइप रखकर उनके व उनकी मां के साथ विवाद कर चाकू मार देने की धमकी दे रहे थे। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**रेगुलर नियुक्ति से हटाकर संविदा में तब्दील करने का हुआ है निर्णय**

# सीयू के पांच अधिकारी-कर्मचारी इधर के रहे न उधर के, दो माह से सैलरी भी अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी में कार्यरत हैं अधिकारी-कर्मचारी

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पांच अधिकारी-कर्मचारी अब इधर के रहें न उधर के। यूजीसी ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में कार्यरत टेक्निकल आफिसर व सेक्शन आफिसर सहित पांच कर्मचारियों की रेगुलर नियुक्ति को सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने संविदा में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। इसके बाद से पिछले दो महिने से इन अधिकारियों-कर्मचारियों की सैलरी में अटकी हुई है।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशासन के निर्णय पश्चात एमएमटीटीसी के पांच अधिकारियों-कर्मचारियों का सैलरी रोक दिया गया है। क्योंकि यूजीसी ने इनके लिए सैलरी की राशि देने से इनकार कर दिया है। यूजीसी मानवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी को पहले एचआरडीसी और उससे पहले एकेडमिक स्टाफ कालेज के नाम से जाना जाता था। यह एक टीचर ट्रेनिंग सेंटर है, जहां पर टीचरों को ओरिएंटेंशन कोर्स, रिफ्रेशर कोर्स जैसे ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। इस ट्रेनिंग सेंटर में नियुक्ति के संबंध में यूजीसी से पत्र आने के बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी जनवरी माह में स्टेडिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें यह मामला रखा गया था। उसके बाद एकेडमिक कौसिंल और एक्जिकेटिव कौसिंल की बैठक में भी यह मामला आया। इसमें एमएमटीटीसी अंतर्गत विभिन्न गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्तियों की शर्तों में परिवर्तन किए जाने की संस्तुति की गई तथा इन्हें कार्यकालिक नियमिति नियुक्ति के स्थान पर संविदा नियुक्त के रूप में रूपांतरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। यूजीसी ने एमएमटीटीसी में आवश्यकतानुसार संविदा आधार पर सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने की बात कही है। इस निर्णय के बाद एमएमटीटीसी में कार्यरत पांच अधिकारी-कर्मचारी रेगुलर स्टाफ रहें नहीं और संविदा की स्थिति भी स्पष्ट नहीं हो पाई है इसलिए पिछले दो माह से उनका वेतन भी अटक गया है।

### रिश्तेदारों की हुई थी नियुक्ति

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर में कार्यरत जिन पांच लोगों की सैलरी अटक गई है, उनमें एमएमटीटीसी टेक्नीकल आफिसर प्रिती शुक्ला, सेक्शन आफिसर आरची वर्मा, जूनियर असिस्टेंट रूपाली उपाध्याय, सीनियर असिस्टेंट हेमंत यादव, हास्टल अटेडेंट सुरेश कुमार का नाम शामिल हैं। इनमें ज्यादतर यूनिवर्सिटी स्टाफ के ही रिस्तेदार बताए जा रहे हैं। इसलिए इन नियुक्तियों को लेकर भी उंगली उठ रही है। इसमें टेक्नीकल आफिसर प्रिती शुक्ला यूनिवर्सिटी में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर गणेश शुक्ला की पत्नी तथा सेक्शन आफिसर आरची वर्मा एमबीए डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रेमशंकर द्विवेदी की पत्नी एवं जूनियर असिस्टेंट रूपाली उपाध्याय कुलपति के बंगला के कर्मचारी की पुत्री बताई जा रही हैं।

# जेडी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चिकित्सक-स्वास्थ्यकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश

संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने सूरजपुर जिले के रामानुजनगर सीएचसी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में चिकित्सक के साथ ही अन्य स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित पाए गए। ऐसे में उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सक व कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। बता दें कि बुधवार को संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला शाम लगभग 4.15 बजे सूरजपुर जिले के रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे थे। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान डॉ. डीके विश्वकर्मा एक दिवस, डॉ. आर सिंह दो दिवस, स्टाफ नर्स देवकी, एएनएम श्रीमती डी दुबे, टीके रॉयल एक दिवस, पीएन साहू एक दिवस, डॉ. सुभाष पटेल आयुष मेडिकल ऑफिसर, ज्ञानेंद्र पांडे फार्मासिस्ट तीन दिवस अपने कार्य में अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों को जेडी हेल्थ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी को नियमानुसार कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अस्पताल में स्टोर कक्ष में दवाइयों पर एक्सपायरी डेट अंकित नहीं पाया गया, अस्पताल एवं परिसर में साफ सफाई का अभाव पाया गया, जिसे सुधार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।



जानकारी लेते जेडी।

## खबर संक्षेप

### गिरधारी बने शहर कांग्रेस के जिला महामंत्री



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर की नई कार्यकारिणी को मंजूरी मिलने के साथ ही गिरधारी बरेठ को जिला महामंत्री बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन रायपुर से प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू द्वारा जारी पत्र में जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर की प्रस्तावित कार्यकारिणी को अनुमोदन दिया गया है। गिरधारी बरेठ को कांग्रेस का जिला महामंत्री बनाया गया है।

### अनुराग बने भाजयुमो कटघोरा के मंडल अध्यक्ष



**कटघोरा।** भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा युवा मोर्चा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिला कोरबा के युवा मोर्चा पदाधिकारियों, जिला कार्यकारिणी तथा मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है। इस घोषणा के तहत कटघोरा युवा मोर्चा की मंडल अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अनुराग दुहलानी को सौंपी गई है।

### विनोद बने जिला शहर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष



**कोरबा।** कटघोरा जनपद के पूर्व सभापति एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के सांसद प्रतिनिधि, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण में पिछले 7 वर्षों से लगातार जिला कोषाध्यक्ष रहे कांग्रेस नेता विनोद कुमार अग्रवाल को जिला कांग्रेस कमेटी शहर का कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। विनोद कुमार अग्रवाल को शहर कांग्रेस में कोषाध्यक्ष बनाये जाने पर कोरबा कांग्रेस संगठन में हर्ष व्याप्त है। विनोद कुमार अग्रवाल को पहली बार शहर कांग्रेस में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उनकी पत्नी माया अग्रवाल भी नगर पंचायत में पार्षद एवं एल्डरमैन रह चुकी हैं।

### महाविद्यालय में आयोजित हुआ चतुर्थ दीक्षारंभ कार्यक्रम



**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का चतुर्थ दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी देना तथा उन्हें शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना था। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के समन्वयक डॉ. कार्तिकेश्वर दुबे एवं प्रो. विक्रम यादव द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन दिया गया। डॉ. दुबे ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत महाविद्यालय में संचालित मूल्य परक पाठ्यक्रम एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई साथ ही साथ पाठ्यक्रम की संरचना, क्रेडिट प्रणाली, विषय चयन तथा शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रो. विक्रम यादव ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों, अनुशासन, समय प्रबंधन तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी अपने प्रश्न रखे, जिनका शिक्षकों द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। यह दीक्षारंभ कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ।

### इत्तेहाद कमेटी का रोज़ा इफ्तार सम्पन्न



**कोरबा।** पुरानी बस्ती स्थित स्कूल मैदान में इत्तेहाद कमेटी द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान, महापौर संजू देवी राजपूत सहित अन्य उपस्थित रहे। 10 मार्च को 20वे रोज़े के अवसर पर आयोजित रोजा इफ्तार में ढाई से 3 हजार रोजेदारों ने रोज़ा इफ्तार कर अमन चैन की दुआ मांगी। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में जिले समेत आस पास उप नगरीय क्षेत्र से मुस्लिम समाज के रोज़े दार मौजूद रहे। सिख समाज, मसीह समाज एवं सिंधी सामाज सहित सभी धर्म के लोग सम्मलित हुए जहां आपसी भाई चारे का एक नूरानी समा देखने को मिला। कार्यक्रम में मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा आसिफ बेग, मोहसिन मेमन सैयद एहतेशाम अली, मोहम्मद जाकिर, महबूब खान, नौशाद खान, मोहम्मद नदीम, जीशान खान, करीम खान, दानिश मेमन, रिंकू समीर खान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# इस छोर से उस छोर तक, पीएम जनमन सड़क का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## उतार चढ़ाव, मोड़ एवं गुणवत्ता का बारीकी से लिया जायजा

**खास बातें**

- देवपहरी से सोनारी एवं जामभांठा तक नई सड़कों का काम पूरा।
- गुणवत्ता को लेकर दिये गए निर्देश



अलग खबर

प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पीवीटीजी समुदाय की बसाहटों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए कोरबा जिले में पक्की सड़कों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में कोरबा विकासखंड के ग्राम देवपहरी से सोनारी एवं जामभाठा तक निर्मित नई सड़क का कार्य पूर्ण हो चुका है।

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा पीएम जनमन योजना में स्वीकृत कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है, साथ ही पीवीटीजी समुदाय के हित में किए जा रहे विकास कार्यों का फील्ड में जाकर प्रत्यक्ष अवलोकन भी किया जा रहा है। जानकारी प्राप्त होने पर कि देवपहरी मुख्य मार्ग से जामभाठा और सोनारी तक सड़क निर्माण पूरा हो गया है, कलेक्टर ने आज इस मार्ग का छोर से छोर तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क की संपूर्ण संरचना, ग्रामीण परिवेश, भौगोलिक परिस्थितियों, मोड़ों की स्थिति, उतार-चढ़ाव तथा गुणवत्ता का गहन अध्ययन किया। लगभग 3 किलोमीटर 600 मीटर लंबी नवनिर्मित सड़क पर पैदल चलकर और वाहन से गुजरकर उन्होंने इसकी मजबूती और कार्य की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित ठेकेदार और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया कि निर्माण की समयावधि एवं सभी तकनीकी शर्तों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण से पीवीटीजी बसाहटों तक निर्बाध और सुरक्षित आवागमन संभव हो सकेगा, जिससे इन गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। कलेक्टर श्री दुदावत ने यह भी कहा कि सोनारी और जामभाठा जैसी बसाहटों तक पक्की सड़क बनने से स्थानीय लोगों को वर्षभर बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन वितरण, रोजगार और अन्य सरकारी सेवाएँ अब इन गांवों तक अधिक सुगमता से पहुँच सकेंगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गढउपरोड़ा में मुख्य मार्ग से पीवीटीजी बसाहट ग्राम बाघमारा तक लगभग एक किलोमीटर की लंबाई में निर्मित पीएम जनमन सड़क का भी अवलोकन किया और कार्य की गुणवत्ता पर संतोष प्रकट करते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए।

## निगम आयुक्त ने टीएल प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के दिए निर्देश

# विकास व निर्माण कार्यों की कार्यप्रगति एवं राजस्व वसूली कार्यों में लाएं तेजी : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेते निगम आयुक्त।

निगम द्वारा संपादित कराए जाने वाले विकास व निर्माण कार्यों की कार्यप्रगति में आवश्यक तेजी लाएं, निगम के राजस्व की वसूली से जुडे. कार्यों पर विशेष फोकस करें, वहीं नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे.कार्यों, टीएल प्रकरणों, जनसमस्याओं व शिकायतों से संबंधित विषयों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर कार्य करें। कि शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई कार्यों से जुडे. कार्यों को पूरी गंभीरता से लें तथा इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा इस पर कार्यवाही भी की जाएगी।

उक्त बातें निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने निगम के समस्त कार्यों की कार्यप्रगति की बिन्दुवार से विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन निगम मद, सांसद, विधायक, प्रभारी मंत्री मद, वित्त आयोग मद, एनकेप मद सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्रगतिरत व प्रस्तावित विकास कार्यों की कार्यप्रगति की जोनवार व मदवार समीक्षा करते हुए कार्यों की कार्यप्रगति में आवश्यक तेजी लाने के निर्देश दिए। स्वीकृत कार्यों की निविदा आदि की कार्यवाही समयसीमा में पूरी कराएं तथा जिन कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उनकी आगामी कार्यप्रगति में तेजी लाएं।

**टीएल प्रकरणों का समय सीमा में हो निराकरण**

आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रकरणों की बिन्दुवार व प्रकरणवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समयसीमा के प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता न बरती जाए। उन्होंने निगम के समस्त जोन कमिश्नरों, उप जोन प्रभारियों, स्वच्छता अधिकारी व निरीक्षकों तथा अन्य मैदानी अमले को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रतिदिन किए जा रहे मार्निंग विजिट को लगातार जारी रखें तथा इस दौरान साफ-सफाई कार्यों का सघन निरीक्षण करने के साथ ही अतिक्रमण, अवैध कब्जों व नागरिक सेवाओं एवं सुविधाओं से जुड़े अन्य विषयों पर भी विशेष फोकस करने कहा।

# चिकित्सकों को नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- सीएमएचओ ने क्लीनिकल स्थापना में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों के लिए बताया जरूरी

जिले में विभिन्न हॉस्पीटल, नर्सिंग होम, मेटरनिटी होम, क्लीनिक ,पैथोलैब, एवं डायग्नोस्टिक सेंटर में राज्य के विभिन्न जिलों तथा शासकीय चिकित्सकों के द्वारा सेवायें (ओपीडी) दी जाती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि सभी चिकित्सक जो क्लीनिकल स्थापना में सेवायें देते हैं उन्हें अपनी सेवायें देने से पहले अपना नर्सिंग होम एक्ट अंतर्गत पंजीयन कराना अनिवार्य है। उन्होंने चिकित्सकों को आयुर्विज्ञान परिषद में पंजीयन(रजिस्ट्रेशन प्रमाण), सेवा देने का समय संबंधी शपथपत्र कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जमा करने निर्देशित किया है। उन्होंने क्लीनिकल संस्थाओं को निर्देशित किया है कि उनकी संस्थाओं में सेवायें देने वाले सभी चिकित्सक (शासकीय/निजि) का नर्सिंग होम एक्ट के तहत आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन करावें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने क्लीनिकल स्थापना संचालकों से कहा है कि नर्सिंग होम एक्ट के तहत बिना पंजीकृत चिकित्सकों से सेवायें लेने पर छ.ग.राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010, 22 सिंतबर 2010 के अध्याय तीन के नियम 12 (क)1 के अनुसार रूपये 20 हजार का अर्थदण्ड होगा तथा दूसरी बार उक्त कृत्य दोहराने पर तीन वर्ष तक के कारावास अथवा रूपये 50 हजार का अर्थदण्ड अथवा दोने के भागी होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपके स्वयं की होगी।

# निगम की महिला अधिकारियों ने गर्ल्स कॉलेज के सामने से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- लगातार प्रयासों के बाद नहीं हट पा रहा था अतिक्रमण



अतिक्रमण हटाते निगम का तोड़ू दस्ता।

नगर निगम की महिला अधिकारियों, इंजीनियरों ने मोर्चा संभालते हुए मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के सामने सड़क पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाकर स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराया, साथ ही अतिक्रमणकारियों को कड़ी हिदायत दी कि वे पुनः अतिक्रमण का प्रयास न करें, अन्यथा अतिक्रमण तो हटेगा ही, साथ ही अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि घंटाघर के समीप स्थित मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के सामने काफी समय से सड़क के किनारे ठेला, गुमठी लगाकार व बांस बल्ली कनात आदि के माध्यम से अतिक्रमण कर कतिपय लोगों द्वारा अवैध रूप से व्यवसाय संचालित किए जा रहे थे। महिला कालेज के सामने सड़क पर व प्रवेशद्वार के अगल-बगल इस प्रकार अवैधानिक रूप से गतिविधियां संचालित करने से कालेज की छात्राओं, प्राध्यापकों को कालेज आने-जाने में काफी असुविधा होती थी, वहीं असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी होता था, इस संबंध में निगम को शिकायतें भी प्राप्त होती थी, निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी होती थी, किन्तु अतिक्रमण पुनः बरकरार हो जाता था। महिला कालेज के सामने हो रहे बार-बार इस प्रकार के अतिक्रमण के विरूद्ध आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम की महिला अधिकारियों, इंजीनियरों ने मोर्चा संभाला तथा जोन कमिश्नर पवन वर्मा की उपस्थिति में जोन की महिला अधिकारी रूचि साहू, किरण साहू एवं अंजुलता तिग्गा की अगुवाई में निगम के अतिक्रमण दस्ते ने कार्यवाही करते हुए स्थल को अतिक्रमण हटाया गया।

**स्कूल कालेज के समीप अतिक्रमण करने पर होगी कार्यवाही**

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित स्कूलों, कालेजों को समीप इस प्रकार की गतिविधियां व अतिक्रमण कर व्यवसाय का संचालन करना कतई स्वीकार्य नहीं होगा। स्कूल, कालेज के समीप अवैध रूप से ठेला गुमठी लगाकर कतिपय लोगों व्यवसाय किया जाता है, इन ठेला, गुमठियों में तम्बाकू उत्पाद, गुटका, पान, सिगरेट आदि का विक्रय भी संभावित रहता है, साथ ही ये अवैध गुमठी, ठेले असामाजिक तत्वों के जमावडे का अड्डा भी बनते है, जिसके कारण स्कूल, कालेज की छात्र-छात्राओं को कालेज आने जाने में अनावश्यक असुविधा होती है व अन्य असामाजिक घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आबकारी के मामले...

अवगत कराया कि वह कक्षा 12वीं की छात्रा है और वह एग्जाम में शामिल होना चाहती है। फिर क्या था जेलर अमितेश साहू ने छात्र की फरियाद को सुनते ही तत्काल उसे परीक्षा में शामिल होने के लिए अपने वरिष्ठ अफसर को अवगत कराया। छात्र को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिलते ही रोशनी 23 फरवरी से लगातार कटघोरा स्थित परीक्षा केंद्र में पुलिस सुरक्षा के बीच परीक्षा दे रही है। 23 फरवरी से 14 मार्च तक उसका पेपर है। रोशनी जेल की चार दीवारी के भीतर रहकर परीक्षा की तैयारी कर रही है और एग्जाम में शामिल हो रही है। जिस तरह से छात्र ने जेल की चार दीवारी के भीतर रहकर परीक्षा की तैयारी की है।

### निगम के बकायादार...

अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह की अगुवाई में निगम की टीम ने उनकी सम्पत्ति को सील कर दिया है तथा उन्हें तत्काल बकाया कर राशि निगम कोष में जमा करने के निर्देश दिए हैं। निगम द्वारा सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर आदि सहित विभिन्न करों की एक बड़ी बकाया राशि बकायादारों से प्राप्त की जानी है, इस हेतु निगम द्वारा बकायादारों को बार-बार नोटिस व वारंट आदि जारी कर बकाया राशि का भुगतान निगम कोष में किए जाने हेतु कहा जा रहा है, किन्तु बकायादारों द्वारा राशि जमा करने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है, जिसके कारण एक ओर जहाँ निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, वहीं नगर के विकास व नागरिक सुविधाओं की बेहतरी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभावित हैं।

# ग्राम भंवरखोल में नई उचित मूल्य दुकान स्थापित होने से ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखंड करतला के ग्राम पंचायत साजापानी का आश्रित ग्राम भंवरखोल लंबे समय से खाद्यान्न प्राप्ति की गंभीर समस्या का सामना कर रहा था। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले राशन के लिए ग्रामीणों को लगभग 14 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी। बरसात के दिनों में मार्ग बाधित होने से स्थितियां और अधिक कठिन हो जाती थीं, जिससे बुजुर्ग, महिलाएँ एवं दिव्यांग हितग्राहियों को भारी परेशानी होती थी।

साजापानी स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में सितंबर 2025 तक कुल 670 राशनकार्ड संबद्ध थे, जिनमें अंत्योदय, प्राथमिकता, निःशक्त तथा सामान्य श्रेणी के परिवार शामिल थे। इनमें से भंवरखोल के 276 कार्डधारी परिवारों द्वारा लगातार दूरी एवं असुविधा संबंधी समस्या की जानकारी स्थानीय पंचायत द्वारा जिला प्रशासन तक पहुंचाई गई। ग्रामीणों की आवश्यकता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता के साथ त्वरित निर्णय लिया और ग्राम भंवरखोल में ही नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान की स्थापना स्वीकृत की। अक्टूबर 2025 से इस दुकान में खाद्यान्न आबंटन एवं वितरण का कार्य विधिवत प्रारंभ करा दिया गया। इससे ग्रामीणों को तत्काल बड़ी राहत मिली और अब वे अपने ही गाँव में समय पर और नियमित रूप से राशन प्राप्त कर पा रहे हैं। दुकान का संचालन जय भैरवी महिला स्व-सहायता समूह द्वारा पारदर्शी एवं सुचारू रूप से किया जा रहा है, जिससे वितरण व्यवस्था में सहजता बनी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा दुकान के लिए नवीन पीडीएस भवन की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। यह भवन डीएमएफ मद से निर्माणाधीन है और आगामी बरसात से पूर्व पूर्ण हो जाएगा। भवन तैयार होने के पश्चात खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण व्यवस्था और अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित हो जाएगी। ग्राम भंवरखोल के ग्रामीण किशन पिता जीवन, नन्द कुमार पिता प्यारे लाल, योगेश कुमार पिता शहादुर सिंह, राहुल कुमार पिता रामरतन तथा जीवन लाल पिता रामसिंह ने बताया कि पहले उन्हें राशन प्राप्ति हेतु लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी और बरसात में स्थिति अत्यंत जटिल हो जाती थी। अब गांव में ही उचित मूल्य दुकान संचालित होने से न केवल समय और दूरी की समस्या समाप्त हो गई है।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंण्डाधिकारी**
**पोंडीउपरोडा जिला- कोरबा (छ०ग०)**

**// ईश्तहार//**

रा. प्र. क. //बी-121/2025-26
ग्राम मल्दा, प०ह०नं0 41
तहसील पोंडीउपरोडा, जिला कोरबा (छ०ग०)

आवेदक/आवेदिका मासूम कुरैशी पिता अबुल गफ्फार जाति मुसलमान निवासी ग्राम मल्दा तहसील पोंडीउपरोड़ा जिला कोरबा (छ०ग०) के द्वारा अपने फुआ सुबरातीअली की मृत्यु दिनांक. 26.01.2016 स्थान मल्दा, तहसील पोंडीउपरोडा, जिला कोरबा (छ०ग०) में घर में आकस्मिक मृत्यु होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु को जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अन्तर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र अनुलपब्धता एवं दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/03/2026 तक दावा / आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियम समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पोंड़ी उपरोड़ा**
**जिला - कोरबा (छ०ग०)**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंण्डाधिकारी**
**पोंडी उपरोड़ा जिला - कोरबा (छ०ग०)**

**// ईश्तहार //**

रा. प्र. क. //बी-121/2025-26
ग्राम मल्दा, प०ह०नं0 41
तहसील पोंडीउपरोडा, जिला कोरबा (छ.ग.)

आवेदक / आवेदिका मासूम कुरैशी पिता अब्दुल गफ्फार जाति मुसलमान निवासी ग्राम मल्दा, तहसील पोंड़ी उपरोड़ा जिला कोरबा (छ०ग०) द्वारा अपने फुआ आयशा बी की मृत्यु दिनांक 25.12.2009 स्थान मल्दा तहसील पोंडीउपरोडा, जिला कोरबा (छ०ग०) में घर में आकस्मिक मृत्यु होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु को जन्म अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अन्तर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र अनुलपब्धता एवं दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23/03/2026 तक दावा / आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियम समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पोंड़ी उपरोड़ा**
**जिला - कोरबा (छ०ग०)**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैं फत्ते चन्द आत्मज स्व. श्री बिहारी लाल अग्रवाल निवासी बाजार मोहल्ला वार्ड क्र 04 कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूं कि मैने यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम फत्ते चन्द अग्रवाल रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम फत्ते चन्द अग्रवाल आत्मज स्व. श्री बिहारी लाल अग्रवाल के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

**फत्ते चन्द अग्रवाल**
वार्ड क्र 04 बाजार मोहल्ला
कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैं प्रवीन अग्रवाल आत्मज श्री फत्ते चन्द अग्रवाल निवासी बाजार मोहल्ला वार्ड क 04 कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूं कि मैने यह पुराना नाम को त्याग कर नाम प्रवीन कुमार अग्रवाल रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम प्रवीन कुमार अग्रवाल आत्मज श्री फत्ते चन्द अग्रवाल के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

**प्रवीन कुमार अग्रवाल**
वार्ड क्र 04 बाजार मोहल्ला
कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तृतीय जिला न्यायाधीश**
**कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

प्रकरण क्रमांक 16/2023
प्रोसेस क्रमांक- 171/26
पेशी तारीख - 13-03-26

**शेख करीम वगै. वादी/आवेदक**
**विरुद्ध**
**मो. आरीफ वगै.**
**प्रतिवादी/अनावेदक**
**बनाम**
**1. रुकसाल पति स्व. सलीम उर्फ सफीक**
**2. रुवेल पिता स्व. सलीम उर्फ सफीक**
**3. असफाक पिता स्व. सलीम उर्फ सफीक जाति मुसलमान निवासी गौरेला, ज्योतिपुर कोटीपारा, पो.आ. गौरेला, तह. थाना, पेन्ड्रा रोड जिला गौरेला, पेन्ड्रा, मरवाही (छ.ग.)**

वादी/आवेदक शेख करीम के द्वारा प्रतिवादी/अनावेदक मो. आरीफ वगै. के विरूद्ध धारा 96 आदेश 42 नियम 01 व्य.प्र.सं. के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा में प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 13-03-26 की तिथि है।

अतः प्रतिवादी/अनावेदक
1. रुकसाल पति स्व. सलीम उर्फ सफीक
2. रुवेल पिता स्व. सलीम उर्फ सफीक
3. असफाक पिता स्व. सलीम उर्फ सफीक जाति मुसलमान निवासी गौरेला, ज्योतिपुर कोटीपारा, पो.आ. गौरेला, तह. थाना, पेन्ड्रा रोड जिला गौरेला, पेंड्रा, मरवाही (छ.ग.) को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 13-3-26 को प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

नोटः यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 24/02/26 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

दिनांक : 24/02/26

**(एच.के. रात्रे)**
**तृतीय जिला न्यायाधीश कटघोरा,**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

